आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 22.06.2025

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रुड़की के खानपुर क्षेत्र में सोलानी नदी की 35 हेक्टेयर कृषि भूमि पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने के आदेश दिए हैं।
- राज्य निर्वाचन अयोग त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में जुटा। मतदान 10 और 15 जुलाई हो होगा।
- चारधाम यात्रा सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से जारी। अबतक 33 लाख से अधिक तीर्थयात्री चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं।
- और.... राजधानी देहरादून में झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने 26 जुन तक देहरादून व नैनीताल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

उत्तराखंड हाईकोर्ट

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार जिला प्रशासन को रुड़की के खानपुर क्षेत्र में सोलानी नदी की 35 हेक्टेयर कृषि भूमि पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने के आदेश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवधीपुर गांव निवासी राजपाल और रविंद्र ने न्यायालय में याचिका दायर कर सोलानी नदी की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि यह भूमि सरकारी अभिलेखों में सोलानी नदी के नाम दर्ज है, लेकिन इस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।

उपजिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया है कि अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 की अधिसूचना जारी होने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग, चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जुट गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि मतदान दो चरणों में होगा। पहले चरण में 10 जुलाई और दूसरे चरण में 15 जुलाई को मतदान होगा, जबकि 19 जुलाई को मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी।

उधर, चंपावत में चुनाव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों पर व्यापक चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों का चुनाव प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया की सफलता की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण ऐसा

होना चाहिए कि कोई भी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूरी तरह दक्ष और आश्वस्त हो। चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है।

उन्होंने मानसून की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी सुरक्षित निकासी योजना तैयार करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में कार्मिक प्रबंधन, मतदान सामग्री की आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन, मीडिया संचार आदि विषयों पर भी नोडल अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए गए।

भाजपा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी पंचायत चुनावों के लिए विधानसभा वार प्रवासी कार्यकर्ताओ की सूची जारी कर दी है। ये सभी पर्यवेक्षक की भूमिका में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए समर्थित प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार करेंगे और वहां चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने यह जानकारी दी।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पंचायत चुनाव की तारीखों के ऐलान का स्वागत करते हुए विधानसभा, लोकसभा और निकाय चुनाव की तरह पंचायत चुनाव में भारी जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के ऐतिहासिक काम गांवों में विकास के तीसरे इंजन की गारंटी देंगे। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेताओं के नकारात्मक बयानों को चुनाव में उनकी हार का संकेत बताया।

स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण

पौड़ी जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज लक्ष्मणझूला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। साथ ही चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन भी किया।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाये रखने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही है, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रह जाय। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल आने वाले मरीजों को सभी जरूरी दवाएं अस्पताल परिसर से ही उपलब्ध करायी जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल, विद्युत आपूर्ति और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उन्हें दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिये।

चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से जारी है। अबतक 33 लाख 13 हजार से अधिक तीर्थयात्री चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। सर्वाधिक 11 लाख 85 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ की यात्रा की। बदरीनाथ धाम में 9 लाख से अधिक भक्तों ने पूजा–अर्चना कर दर्शन किए। वहीं, उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए अबतक 10 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंच गए हैं।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार स्वास्थ्य खराब, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कारणों के चलते अबतक 138 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो चुकी है।

मौसम

राजधानी देहरादून में सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है। प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में कहीं धूप तो कहीं बादल छाए हुए हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने 26 जून तक प्रदेश में बारिश की चेतावनी जारी की है। राजधानी देहरादून और नैनीताल जिलों में 26 जून तक भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है। साथ ही प्रदेश के पहाड़ी जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही पर्वतीय जिलों में आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर की तेज हवाएं चलने का अनुमान है। विभाग ने मौसम खराब होने की स्थिति में लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। साथ ही चारधाम यात्रियों से मौसम का पूर्वानुमान जानने के बाद ही यात्रा करने का अनुरोध किया गया है।

दुर्घटना

देहरादून में आशारोड़ी के पास आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब आशारोड़ी के पास एक कार सीमेंट से लदे ट्रॉले से टकरा गई। इस हादसे में हरियाणा के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के अनुसार यह हादसा करीब तीन बजे हुआ।

स्वच्छता अभियान

पौड़ी गढ़वाल के सभी न्यायालय परिसरों में आज वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के तत्वावधान में स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर पालिका, वन और पुलिस विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला न्यायालय परिसर पौड़ी में जिला जज अजय चौधरी ने सभी न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को एकत्र कर स्वच्छता की शपथ दिलायी। इसके बाद न्यायालय परिसर में व्यापक साफ–सफाई की गयी। इसके अलावा श्रीनगर, कोटद्वार, लैंसडौन और धुमाकोट स्थित बाह्य न्यायालय परिसरों में भी समान रूप से यह स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी जगह अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर की साफ–सफाई कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्तियों तक पहुंचाने पर जोर दिया है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय व सकारात्मक सोच के साथ काम करने को कहा। काशीपुर में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में कृषि मंत्री ने ने कहा कि प्रदेश सरकार, जनता के द्वार के सिद्धांत को लेकर कार्य कर रही है। सरकार जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

बहुउद्देशीय शिविर में विद्युत बिल ठीक करने, भूमिहिन परिवारों को भूमि पट्टा दिलाने, हैण्डपम्प लगाने, भूमि विवाद आदि से सम्बन्धित लगभग 23 शिकायतें आई, जिसमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

ईरान–इजरायल युद्ध

ऑपरेशन सिंधू के अंतर्गत करीब एक हजार एक सौ 17 भारतीयों को ईरान से सुरक्षित निकाल लिया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कल रात मशाद से विशेष विमान दो सौ 90 भारतीयों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा।

इस बीच, उत्तराखंड सरकार ने ईरान–इजरायल संघर्ष के मद्देनजर देहरादून के लोगों के लिए टोल फ्री नंबर और हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जो भारत में वापसी करना चाहते है। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि ऐसे लोगों को ई–मेल– हंकनाहवअज/हउंपसण्बवउ पर अपनी सूचना देनी होगी। इसके साथ ही व्हाट्सएप नंबर 75 34 82 60 66 और लैंडलाइन नंबर 01 35–27 26 066 और टोल फ्री नंबर 1 0 7 7 पर संपर्क कर सकते है।